

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 32 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 29 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## नाबालिग ने 18 मोटर सायकल चोरी करना स्वीकारा

### महंगे शौक पूरे करने करता था चोरी, घरवालो को भनक नहीं




सिवनी यशोः- मोटर सायकल चोरी कर कम कीमत में बेचने वाले नाबालिग को कान्हीवाड़ा पुलिस ने पकड़ा है इस नाबालिग ने पूंछताछ में 18 मोटर सायकल चोरी करने की बात स्वीकार की है । पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार कम कीमत पर बगैर नंबर की बाइक बेचने कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत बा हनवाडा-छुई के बीच घूम रहे एक नाबालिग की सूचना पुलिस को मुखबिर से प्राप्त होने पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की और उसे पकडकर जब उससे पूंछताछ की गयी तो उसने बताया कि केवलारी थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग अपने महंगे शौक अच्छा मोबाइल, रोज के खर्चो को पूरा करने सुनसान क्षेत्रों से बाइक चोरी कर रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग बालाघाट के वारासिवनी थाना अंतर्गत नदीटोला बुदबुदा निवासी सहयोगी ईश्वर पुत्र मुन्नीलाल सहारे को कम कीमत पर मोटर सायकल बेचने भेज देता था। नाबालिग ने परिवार के लोगों को भी अपनी गतिविधियों की भनक तक नहीं लगने दी। चोरी के बाइक वाहनों को सुरक्षित रखने नाबालिग ने नैनपुर निवारी में एक कमरा भी किराए पर ले रखा था, जहां से बाइक को बेचने बालाघाट वारासिवनी भेजा जाता था।

कान्हीवाड़ा व केवलारी पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्रवाई कर नाबालिग व उसके सहयोगी को गिर तार कर दोनों के कब्जे से चोरी किए गए 18 बाइक वाहनों को जब्त किया है। गिर तार दोनों आरोपितों को पुलिस ने गुरूवार को न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़के से जब पूंछताछ की गयी तो उसने निवारी में 4 मोटर सायकल एवं वारासिवनी नंदी टोला बुदबुदा में 13 मोटर सायकल होना स्वीकार किया । कुल 18 वाहन जप्त कर पुलिस ने नाबालिग एवं ईश्वर सहारे को गिर तर कर न्यायालय में पेश कर दिया है । चोरी की गयी मोटर सायकल में 08 मोटर सायकल सिवनी जिले की 09 मोटर सायकल मंडला जिले की और एक मोटर सायकल बालाघाट जिले की है जिनकी अनुमानित कीमत आठ लाख पचास रूपये है ।

## ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया गया

सिवनी यशोः- पैगंबर मोह मद हजरत सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के मौके पर गुरुवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस



दौरान जिला मु यालय में विशाल जुलूस निकाला गया। लोगों ने घरों व मार्गों में सजावट कर झण्डे लगाए। कुरानखानी, नमाज, नातशरीफ पढकर इबादत की। अमन शांति और भाईचारे की दुआ की गई।

सभी लोगों ने अमन, शांति, भाईचारे की दुआएं मांगी तथा सलाम पेश कर मिठाइयां बांटी गई। जुलूस में बड़ी सं या में लोग झण्डे लेकर मोह मद साहब की शान में नाते पेश करते हुए आगे बढ़े। कई जगह लोगों ने पुष्प बरसाकर जुलूस का स्वागत किया।

## अग्रवाल समाज समिति की साधारण आम सभा कल

सिवनी यशोः- अग्रवाल समाज समिति की वार्षिक साधारण आम सभा 30 सितंबर दिन शनिवार को श्री अग्रसेन भवन परिसर लूघरवाडा में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। इसमें नियमानुसार आय-व्यय की जानकारी सदस्यों की दी जाएगी। सदस्यों के सुझाव के बाद संस्था की कार्यसमिति के चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि कोरम के अभाव में आधा घंटा इंतजार करने के बाद मीटिंग प्रांरभ हो सकेगी। इस मीटिंग में केवल संस्था के पंजीकृत सदस्य ही आमंत्रित है। किसी कारण वश अध्यक्ष महो. की अनुपस्थिति में, किसी वरिष्ठ सदस्य के सभापतित्व में मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। संस्था के हित में दिए गए प्रस्तावों या सुझावों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। संस्था के महासचिव नरेश अग्रवाल ने सभी सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## लखनादौन नवीन जिला बनाए जाने की मांग से छपारावासी असहमत, कहा हमें लखनादौन के साथ नहीं रहना

### छपारा नगर वासियों द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

छपारा यशोः- आगामी विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश के मु यमंत्री द्वारा लगातार नए-नए जिलो को बनाया जा रहा है या यूं कहें कि स्वीकृति प्रदान की जा रही है, इसी के चलते छपारा नगर से उत्तर दिशा में स्थित लखनादौन वासियों द्वारा भी इस मौके को अवसर समझ कर भांजने के चलते अपनी पुरानी जिला बनाओ मांग का जिन्न फिर बाहर लेकर आए है।



वही इनके द्वारा प्रस्तावित जिले का जो ने शा सोशल मीडिया और अन्य बैनर पोस्टर के माध्यम से वायरल किया जा रहा है उसमें घंसौर, धनोरा, लखनादौन, धूमा और छपारा विकासखंड को भी शामिल किया गया है, जिसको लेकर छपारा विकासखंड के नागरिकों ने अपना विरोध ज्ञापन के माध्यम से जताया हैं।

बुधवार 27 सितंबर को महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन भोपाल को सौंपे गए ज्ञापन में छपारा विकासखंड के निवासियों ने कहा कि वर्तमान समय में लखनादौन जिला बनाओ समिति द्वारा प्रस्तावित ने शे में संपूर्ण छपारा विकासखंड को जोड़कर जिला बनाए जाने की मांग की जा रही है, उक्त मांग से हम छपारा विकासखंड के निवासियों को को लखनादौन में जोड़े जाने पर आपत्ति है, चूंकि भविष्य में लखनादौन को यदि जिला घोषित किया जाता है तो छपारा विकासखंड को शामिल न रखा जावे इस संबंध में हम सभी छपारा विकासखंड वासियों की मांग है कि हम सभी सिवनी जिले में ही जुड़े रहना चाहते हैं योंकि भौगोलिक दृष्टि से छपारा विकासखंड के लिए लखनादौन विपरीत दिशा में पड़ता है तथा छपारा वासियों के लिए बहुत असुविधा का विषय उत्पन्न होगा साथ ही छपारा विकासखंड के लोगों को अपने समस्त शासकीय दस्तावेजों में जिला परिवर्तन करने के लिए भी बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा अतः हम सभी विकासखंड के निवासी लखनादौन जिला बनाओ अभियान में शामिल नहीं है और लखनादौन को जिला बनाए जाने पर छपारा को शामिल न किया जावे इस बाबत का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम सोप कर अपना विरोध दर्ज किया गया।

## गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा, गणपति बप्पा विसर्जन का दिन भर जारी रहा क्रम

सिवनी यशोः-गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव का गुरुवार को गणेश विसर्जन के साथ समापन हुआ। शहर के अनेक स्थानों में स्थापित आकर्षक प्रतिमाओं का विजर्सन बैनगंगा नदी, दलसागर तालाब, मठ तालाब एवं बंजारी जलाशय सहित अन्य जलाशयों में किया गया इसके साथ ही गणेश प्रतिमाएँ घरों घरों एवं अनेक संस्थाओं में भी स्थापित की गयी थी जिनकी दस दिनों तक पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना के पश्चात हवन एवं भोज प्रसाद के साथ विसर्जन किये जाने का क्रम जारी है अनेक परिवारों ने प्रतिमाओंका विसर्जन घर में बड़े जलपात्र में कर पूज्य गणेश प्रतिमा की मिट्टी का उपयोग अपने होम गार्डन में किया ।

पूजन पंडालो से भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया । मंगलवार से गणेश स्थापना वाले स्थानों पर हवन करने का क्रम जारी हो गया था जो गुरूवार तक अलग अलग स्थानों पर चलते रहा । पिछले दस दिनों से गणेश जी की आराधना चल रही थी अनेक स्थानों पर भजन, देवी गीतों सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये ।

नगर के काली चौक में गणेश



जी की आकर्षक 9 फुट की प्रतिमा स्थापित की गयी थी । सिवनी जिला मु यालय सहित सुदूर ग्रामीण अंचलों में भी गणेशोत्सव की धूम रही आज अनंत चतुर्दशी को गणेश विसर्जन किया गया । गणेश विसर्जन के लिये पूजन पंडालों से प्रतिमाओं को भव्य शोभा यात्रा के रूप में बाजे गाजे के साथ ले जाया गया और गणेश जी को नाचते हुये जलाशय तक ले जाने के दौरान गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे लगाते रहे ।

## पितरों के स्मरण का पक्ष आज से प्रारंभ

सिवनी यशोः- 29 सितंबर से पितृपक्ष पूर्णिमा श्राद्ध के साथ प्रारंभ हो रहा है और इसका समापन 14 अक्तूबर को होगा। पितृपक्ष पूर्वजो के प्रति श्रद्धा और स मान के भाव को प्रगट करता है । पितृपक्ष के 15 दिन पूर्वजो को आदर स मान देने के लिये विशेष होते है और इन दिनों में पूर्वजो की आत्म शांति के लिये श्रद्धा से उनका श्राद्ध किया जाता है ।

पंचांग के अनुसार पितृपक्ष की शुरुआत भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से होती है और अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर इसका समापन होता है। पितृपक्ष यानी श्राद्ध का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करके उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है। पितृपक्ष में पितरों को तर्पण देने और श्राद्ध कर्म करने से उनको मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान न केवल पितरों की मुक्ति के लिए श्राद्ध किया जाता है, बल्कि उनके प्रति अपना स मान प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। पितृपक्ष में श्रद्धा पूर्वक अपने पूर्वजों को जल देने का विधान है।

पितरों को तर्पण देने की विधि और नियम सामग्री और श्राद्ध करने के विधान लगभग समान होते है परंतु कुल परंपरा, देश काल परिस्थिती और क्षेत्रीय विधान, सामाजिक प्रचलन आदि से थोड़ी बहुत विभिन्नता हो सकती है परंतु इस विषय में कोई संदेह नहीं करना चाहिए कुल परंपरा के लिये श्रेष्ठ और उपयुक्त व्यक्तियों से सलाह लेकर समाधान किया जा सकता है और पूर्वजो के प्रति पूर्ण श्रद्धा रखते हुये उन्हें आदर के साथ में स्मरण करना ही इस पक्ष का वैशिष्ठ है ।

पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन पितरों के लिए तर्पण करना चाहिए। तर्पण के लिए आपको कुश, अक्षत, जौ और काला तिल का उपयोग करना



चाहिए। तर्पण करने के बाद पितरों से प्रार्थना करें और गलतियों के लिए क्षमा मांगें। इन दिनों में घर पर सात्विक भोजन ही बनाना चाहिए। तामसिक भोजन से पूरी तरह परहेज करना चाहिए।

कहा जाता है कि पूर्वजों की तीन पीढ़ियों की आत्माएं पितृलोक में निवास करती हैं। पितृलोक स्वर्ग और पृथ्वी के बीच का स्थान माना जाता है। यह क्षेत्र मृत्यु के देवता यम द्वारा शासित है, जो एक मरते हुए व्यक्ति की आत्मा को पृथ्वी से पितृलोक तक ले जाता है। ऐसे में जब आप पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करते हैं तो पितरों को मुक्ति मिलती है और वे स्वर्ग लोग में चले जाते हैं।

पितृपक्ष में गाय, ब्राह्मण, पक्षी (कौवा) चीटी, कुत्ता को भोजन कराने का विधान है । इसके पीछेजो भाव है वह स्पष्ट करता है कि हर प्राणी के प्रति हमारा अंतःकरण शुद्ध होना चाहिये उनके प्रति दया का भाव हो । सनातन संस्कृति किस प्रकार से समृद्धशाली है यह हमारी परंपराएँ और धार्मिक आस्थाओं से जोड़कर विश्वकल्याण के लिये हमें संस्कारित करती है । पूर्वजो का स्मरण समाज का स्वाभिमान होता है और उसी स्वाभिमान को निरंतर गौरव की ओर बढाना ही उनके स्मरण का संस्कारित पक्ष है । जाति स्वाभिमान, राष्ट्रस्वाभिमान, पारिवारिक या पूर्वजो का स्वाभिमान स्मरण कर उस स्वाभिमान के गौरव को बढाने के लिये पितृपक्ष बहुत महत्व पूर्ण है इसके साथ ही हमारे पूर्वजो ने जो संस्कार हमें दिये है वे संस्कार दूसरी पीढि को हस्तांतरित करना भी हर पीढी का दायित्व होता है । दया, श्रद्धा, स मान, स्वाभिमान और प्राकृति के प्रति हमारे समर्पण का भाव ही पितृपक्ष के लिये महत्वपूर्ण है ।

## विभिन्न ग्रामों के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह

### विशाल इनामी दंगल एवं जागरण के कार्यक्रम में मु य अतिथि के रुप शामिल हुए

सिवनी यशोः-गुरुवार 28 सितंबर को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवरगाव में विधायक निधि से जन सेवा में समर्पण हेतु सभा मंच का भूमि पूजन केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। इस सभा मंच का निर्माण 1 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। इसके साथ ही नेवरगाव में प्राथमिक शाला मेलगाटोला में बाउंड्री वॉल का लोकार्पण विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। इस बाउंड्री वॉल का निर्माण 15 लख रुपए की लागत से विद्यालय परिसर के आसपास किया जाना है।

ग्राम सरंडी शीतला माता मंदिर में श्री निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे केवलारी विधायक श्री पाल एंव खि़रका मोहल्ला में खेल मैदान के समतलीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इसी प्रकार केवलारी विधायक श्री पाल ने ग्राम मलारी में विधायक निधि से 500000 रुपये की लागत से बनने जा रहे गढ़ेवाल समाज के मंगल भवन का निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने किया । इस सामुदायिक भवन का निर्माण का उद्देश्य गढ़ेवाल समाज के सामाजिक कार्यों हेतु उपयोग किया जाएगा।




ग्राम चिखली में विधायक निधि के 200000 से बनने जा रहे सभा मंच का भूमि पूजन करने पहुंचे केवलारी विधायक श्री पाल ने जन भावना को देखते हुए यह सभा मंच समर्पित किया। ग्राम बावली महावीर व्यायाम शाला द्वारा आयोजित विशाल ईनामी दंगल में मु य अतिथि के रूप में शामिल हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह अपने क्षेत्रीय दौरे के समय ईनामी दंगल में आये दर्शकों का अभिवादन श्री पाल के द्वारा किया गया, दर्शकों ने पहलवानों का तालिया बजाकर हौसला बढ़ाया। महावीर व्यायाम शाला दंगल समिति ने विधायक का मु यातिथि के रूप में फूल मालाओं से स्वागत किया इस दंगल में उपस्थित दर्शको के साथ श्री पाल ने दूर दराज से पहलवानों के द्वारा खेली गई कुश्ती का आनंद लिया।

ग्राम गोरखपुर एंव ग्राम सोनखार में गणेश उत्सव के दौरान चल रहे जागरण में मु य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री पाल ने माता जी का पूजन अर्चन कर जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया। बाहर से नामी कलाकारों ने माता जी की भेंटे प्रस्तुत किया। विधायक के साथ इस अवसर पर अनेक भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य जी का 3 अ टूबर को सिवनी प्रथम आगमन होगा भव्य महाभिनन्दन

सिवनी यशोः-भगवत्पूज्यपाद अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी

* श्री शंकराचार्य चौक से दोपहर 1 बजे भव्य शोभायात्रा जिसमें श्री शंकराचार्य जी विराजमान रहेंगे
* मठ मंदिर प्रागंण में 4 बजे धर्मसभा



धर्मसम्राट् अनन्तश्री विभूषित द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के परमशिष्य परमपूज्य अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज का 3 अे टूबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे सिवनी आगमन होगा। स्वामी श्री महाराज का ज्योतिष्पीठ पर जगद्गुरु शंकराचार्य के पद अभिषिक्त होने के बाद सिवनी प्रथम आगमन पर 3 अे टूबर को दोपहर 1 बजे श्री शंकराचार्य चौक (छिन्दवाड़ा चौक) श्री गणेश मंदिर से श्री महावीर मढ़िया, शंकर मढ़िया, नगर पालिका चौक होते श्री दुर्गा चौक होते मठ मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी । शोभायात्रा के समापन पर पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज मठ मंदिर में विराजमान भगवान् शिव का दर्शन, पूजन करेंगे तत्पश्चात् दिन 4 बजे मठ मंदिर विशाल धर्मसभा को संबोधित करेंगे। उक्ताशय जानकारी देते हुये श्री जगद्गुरु शंकराचार्य स्वागत समिति ने बताया कि पूज्यपाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के सिवनी प्रथम आगमन पर भव्य महाभिनन्दन किया जायेगा। शोभायात्रा में शैला गुन्नर शाही पार्टी, रामायण मण्डल सहित व्यायाम शाला सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक संगठन उपस्थित रहेंगे। सिवनी जिले में पूज्यपाद शंकराचार्य जी के आगमन से अत्यंत हर्ष व्याप्त है। धार्मिक, सामाजिक संगठनों सहित सभी सनातनधर्मियों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध श्री जगद्गुरु शंकराचार्य स्वागत द्वारा किया गया है।

### जबरन नॉलेज



## प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से रोमांचित हो उठे देशभर से आए सुपरबाइक राइडर्स

**'राइडर्स इन द वाइल्ड' का विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका पर समापन**



भोपाल । राष्ट्रीय उद्यानों के बीच से गुजरने के रोमांच, पचमढ़ी एवं तामिया के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए देशभर से आये 25 सुपरबाइक राइडर्स के सफर का समापन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका के रॉक शेल्टर्स पर हुआ। गत 20 सितंबर को भोपाल से निकले राइडर्स पचमढ़ी, सतधारा, तामिया पातालकोट, पेंच नेशनल पार्क, कान्हा नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, भेड़ाघाट होते हुए भीमबेटका पहुंचे।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिवशेखर शु ला ने राइडर्स को शुभकामनाएं दी है। लगभग 1400 कि.मी. का फासला तय करने वाले राइडर्स को भीमबेटका पर टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सर्टिफिकेट देकर स मानित किया। 'राइडर्स इन द वाइल्ड' को मस्टेच एस्केप्स द्वारा मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया था।

मध्यप्रदेश को एक प्रमुख 'एडवेंचर डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगातार दूसरे साल 'राइडर्स इन द वाइल्ड' का आयोजन किया गया। इसके अलावा प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड द्वारा स्काई डाइविंग, मानसून मैराथन, हॉट एयर बलूनिंग, ट्रेकिंग, ग्लेंपिंग सहित विभिन्न साहसिक गतिविधियां संचालित की जा रही है।

# न्याय इतना महंगा न हो कि आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाये - राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने किया हाईकोर्ट एने सी भवन का शिलान्यास

**460 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक भवन**

भोपाल । राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने कहा है कि न्याय इतना मंहगा नही हो कि वह आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाये। इसलिए सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिये संस्था और अधिवक्ताओं के समूह को आगे आना चाहिए।




राष्ट्रपति आज जबलपुर में 460 करोड़ की लागत से बनने वाले हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रही थीं। ट्रिपल आईटीडीएम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हाईकोर्ट का भवन 134 वर्ष पुराना है। तकनीकी रूप से हाईकोर्ट भवन को सर्वसुविधायुक्त और सक्षम बनाना समय की मांग है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विवादों के वैकल्पिक समाधान सस्तें व सुलभ कैसे हो इस पर विचार करें। अदालतों में लंबित प्रकरणों के कारण तथा छोटे-मोटे अपराध के कारण जो जेल में बंद है उन पर विचार करें और पंच परमेश्वर की धारणा अनुसार विवादों का निपटारा करें। मध्यस्थता से विवादों के निपटारे को समाज में व्यापक समर्थन मिलता है। इससे लिटीगेशन भी कम होते हैं। न्याय पालिका में सरल, सुलभ व त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि टे नालॉजी से आज देश प्रत्येक क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। न्याय क्षेत्र में भी प्रगति हुई है। इसमें ई-कोर्ट व्यवस्था विश्वसनीय साबित हुई है। न्याय प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाने के लिये टे नालॉजी के प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये पिछले सप्ताह संसद में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का अधिनियम पारित हुआ है। उन्होंने कहा कि न्याय क्षेत्र में भी महिलाओं की सामूहिक भागीदारी हो` योंकि महिलाओं में न्याय का नैसर्गिक भाव होता है। न्याय में पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। वर्ष 1976 के एडीएम वर्सेज शिवकांत शु ला का एक प्रकरण का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकारों के पक्ष में दिये निर्णय ने जबलपुर का नाम इतिहास में अमिट है।

हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास के अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर होता है जहाँ निष्ठा के साथ लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत बनाया जाता है। उन्होने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहाँ निःशुल्क कानूनी सलाह की व्यवस्था है। सुराज का आधार न्याय ही होता है। अंग्रेजी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी निर्णय उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करें। जेलों में विचाराधीन व्यक्ति जो सामान्यतः गरीब परिवार के होते हैं उन्हें प्राथमिकता दें और कार्य संस्कृति और नवाचारों को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि पूर्ण सुविधायुक्त न्याय का मंदिर बने जहाँ कोई निर्दोष को दंड न मिले।

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का संस्कारधानी के साथ न्यायधानी मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से स्वागत किया और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि 134 वर्ष पुरानी भवन के साथ मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एने सी भवन का शिलान्यास किया जा रहा है। भवन में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखा गया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा न्याय तंत्र की व्यवस्था पर भी निर्भर करता है। न्याय तंत्र ठीक है तब लोकतंत्र में सुलभ, सुगम, समदर्शी, संवेदनशील और आसानी से शीघ्र न्याय मिलता है। यह लोकतंत्र का मूल है कि शीघ्रता से न्याय कैसे मिले।

श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण में 460 करोड़ रूपये से भी ज्यादा लगते हैं तो उसकी चिंता न करें। जल्दी न्याय दिलाने के लिये ऑनलाईन जैसी नई व्यवस्था पर उन्होंने जोर दिया। साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश में लोक अदालत की स्वस्थ परंपरा रही है जिससे आपसी सुलह से न्याय मिल जाता है। इस दिशा में भी प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने 89 ब्लॉकों में पेसा कानून के अंतर्गत शांति व विवाद निवारण समिति में आपसी विवादों के शानदार निपटारे का जिक्र करते हुये पंच परमेश्वर की धारणा को बताया। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सं या कम करने और मासूमों पर हो रहे दुराचार पर स ती से कार्रवाई करने पर जोर दिया।

शिलान्यास समारोह में मु य न्यायाधिपति श्री रवि मलिमठ ने हाईकोर्ट एने सी नई बिल्डिंग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि मध्यप्रदेश मेरा राज्य है और मैं चाहता हूँ की न्याय दिलाने की पद्धति यहाँ सबसे अच्छी हो। उन्होंने उपस्थित हाईकोर्ट परिवार से कहा कि इसके लिये हर घड़ी, हर पल मेहनत करना पड़ेगा ताकि भविष्य में अच्छा परिणाम देखने को मिले।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जल शक्ति राज्य मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, आयुष मंत्री श्री राम किशोर कांवरे, महापौर श्री जगत बहादुर अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि व प्रशासन व पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश की तीसरी मेट्रो सिटी बनेगा जबलपुर

## बरेला बनेगी तहसील और मझगवाँ बनेगी नगर पंचायत

**जबलपुर में 5 हजार करोड़ रूपये की लागत से बनेंगे 116 कि.मी. के रिंग रोड**

भोपाल । मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर शहर को हजारों करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात दीं। उन्होंने कहा कि जबलपुर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। मु यमंत्री ने 155 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये गये लाई-ओवर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने जबलपुरवासियों के लिये विकास के नये द्वार खोलते हुए कहा कि जबलपुर शहर में 5 हजार करोड़ रूपये की लागत से 116 किलोमीटर के रिंग रोड निर्मित किये जायेंगे। जबलपुर में 1100 करोड़ की लागत से बनने वाले लाई-ओवर्स से शहर की तस्वीर बदल जायेगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर को सौगातें देते हुए कहा कि यहाँ 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट टर्मिनल, 300 करोड़ रूपये की लागत से रेल्वे स्टेशन, 200 करोड़ रूपये की लागत से टे नालॉजी सेंटर, 200 करोड़ रूपये की लागत से आई.टी. पार्क, 125 करोड़ रूपये की लागत से मदन महल टर्मिनल, 100 करोड़ रूपये की लागत से जियोलॉजिकल पार्क और 48 करोड़ रूपये की लागत से रियल साइंस सेंटर बनेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मदन महल के प्रस्तावित संग्रहालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित होगी। इसके साथ ही 100 करोड़ की लागत से रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक भी बनेगा, जो उनके शौर्य और वीरता के साथ आन-बान-शान का प्रतीक होगा। आज लोकार्पित किया गया लाई-ओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जायेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में बरेला को तहसील तथा मझगवाँ को नगर पंचायत बनाया जायेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर के विकास के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। जबलपुर में विकास कार्यों के लिये राशि की कमी नहीं आने दी जायेगी। जबलपुर को इंदौर और भोपाल के बाद मेट्रो सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। यहाँ मेट्रो का जाल बिछाया जायेगा, जो इसके विकास में अहम भूमिका निभायेगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार सभी के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर प्रतिमाह बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास से छूट गई बहनों के लिये मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में पक्के मकान बनाये जायेंगे। प्रदेश के हर गरीब के पास अपनी जमीन होगी, जिस पर उसका अपना घर बना होगा। मु यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की धरती पर माफियाओं को पनपने नहीं दिया जायेगा। सरकार ने प्रभावी कार्यवाही कर भू-माफियाओं से 23 हजार एकड़ सरकारी जमीन मुक्त कराई है। इस पर मल्टी स्टोरी मकान बनाकर गरीबों को दिये जायेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरा प्रदेश मेरा परिवार है। परिवार के सभी लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये सरकार विभिन्न योजनाएँ बनाकर क्रियान्वित कर रही है, जिसमें बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ ही आवास, राशन और चिकित्सा सुविधा भी शामिल है। सरकार वायुयान से बुजुर्ग नागरिकों को विभिन्न तीर्थ-स्थलों के दर्शन करा रही है।

समारोह में लोक निर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोपाल भार्गव, सांसद श्री राकेश सिंह, विधायक श्री अशोक रोहाणी, सुश्री इंदु तिवारी, सुश्री नंदिनी मरावी, मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष वरकड़े सहित आमजन और जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## दतिया में गणपति विसर्जन के लिए गए आठ बच्चे कुंड में डूबे, चार की मौत

दतिया। दतिया में गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है, जिसमें चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि निरावल बिडनिया गांव में गणेश विसर्जन करने गए चार बच्चों की समीप ही बने गड्ढे यानी कुंड में डूबने से मौत हो गई है। घटना के समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था। छोटे-छोटे बच्चे भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित करने गए हुए थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और हादसे में चार बच्चों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, बच्चे गणेश विसर्जन कर रहे थे। तभी आठ से 10 बच्चे कुंड में डूब गए। पास में ही पूजा कर रहे एक व्यक्ति के द्वारा पांच से छह बच्चों को निकाल लिया गया, शेष चार बच्चों की मौत हो गई है। मरने वालों में तीन बच्चियों और एक बच्चा बताया जा रहा है। चश्मदीद के मुताबिक, बच्चों ने जैसे ही उसे पुकारा उसने कुंड में डूब-डूब कर सभी बच्चों को बाहर निकाला। तब तक चार बच्चे दम तोड़ चुके थे। सभी बच्चों को जिला चिकित्सालय लाया गया है, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है, जिन बच्चों की मौत हो चुकी है, उनका बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। दतिया के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा एवं अपर कले टर रूपेश उपाध्याय भी जिला चिकित्सालय में पहुंच गए हैं। यहां प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। 10 दिवसीय इस उत्सव में जगह-जगह गांव और शहर में गणेश जी की प्रतिमा लोग स्थापित करते हैं। इस दौरान पंचायत से लेकर जिलाधीश तक कोई भी किसी प्रकार की संवेदनशीलता नहीं बरतता है।

पंचायत के द्वारा भी वहां कर्मचारी नियुक्त नहीं किए जाते हैं। जहां गणेश विसर्जन होना है और प्रशासन के द्वारा भी किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की जाती है और घटनाएं हो जाती हैं। आज घटना में कई माताओं की गोद सुनी हो गई है। बड़ा ही दुखद हादसा दतिया में घटित हुआ है, प्रशासन ने अगर व्यवस्था की होती या बच्चों के परिजन साथ में होते या प्रशासन का अमला होता अथवा पंचायत की टीम होती तो इस प्रकार की घटना घटित नहीं होती। प्रशासन घटना घटने का इंतजार करता है, उसके बाद तैयारियां करता है।

## आयुष आपके द्वार योजना में मैदानी कार्यकर्ता पहुँच रहे हैं घर-घर

**30 सित बर तक योजना का होगा संचालन**

भोपाल । प्रदेश में एक अगस्त से ÷आयुष आपके द्वार%% योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से आयुष विभाग का मैदानी अमला घर-घर पहुँचकर नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है। योजना का संचालन 30 सित बर तक नियमित रूप से होगा। इस संबंध में आयुष विभाग ने अपने सभी मैदानी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

**आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा नागरिकों तक पहुँची**

भोपाल जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का मैदानी अमला राजधानी भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से दौरा कर रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



चिकित्सकों और मैदानी अमले ने पंचशील नगर, भीम नगर, टीला जमालपुरा, नारियलखेड़ा, लालघाटी क्षेत्र का हाल ही में दौरा किया। रहवासियों को वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के संबंध में डोर-टू-डोर जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से कॉलोनी में गंदे पानी का जमाव न होने देना, चूने का छिड़काव सुनिश्चित करना और घरों में मच्छरदानी के प्रयोग की समझाइश दी गई।

चिकित्सकों और मैदानी अमले द्वारा नागरिकों को स्वच्छ जल और साफ भोजन के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने नागरिकों को आयुर्वेद औषधियाँ जैसे आयुष-64, सुदर्शन चूर्ण, अणु तेल, त्रिकटु चूर्ण, लगंवादि वटी और हो योपैथी औषधियाँ जैसे मलेरिया ऑफ 200 और एपोटोरियम का वितरण किया गया। मैदानी अमले ने शिक्षण संस्थाओं में भी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। विद्यार्थियों को शरीर की प्रतिरोधक क्षमता (इ युनिटी) बढ़ाने के बारे में बताया गया। हाल ही में अशोका गार्डन के जी.वी. पंत हायर सेकेण्डरी स्कूल में कै प लगाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में बैरसिया में विशाल हेल्थ शिविर लगाया गया और ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार किया गया। ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने और भोजन में मोटे अनाजों को प्रमुख रूप से शामिल करने की समझाइश दी गई। नागरिकों को अपने घर के आसपास औषधीय पौधों की वाटिका तैयार करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## वाहन दुर्घटना दावा प्रकरण में अनुसंधान के लिये स्पेशल यूनिट का होगा गठन - एडीजी जी. जनार्दन

**बीमा अधिकारियों के साथ बैठक हुई**

भोपाल । मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआई) के अतिरिक्त पुलिस महा निदेशक श्री जी. जनार्दन ने कहा है कि वाहन दुर्घटना दावा प्रकरण में अनुसंधान के लिये स्पेशल यूनिट का गठन किया जा रहा है। एडीजी श्री जनार्दन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के क्रियान्वयन के लिये प्रदेश में कार्यरत बीमा कंपनियों के स्टेट हेड के साथ गत दिवस बैठक कर चर्चा की।

एडीजी श्री जनार्दन ने बताया है कि अनुसंधान अधिकारियों द्वारा सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर घटना स्थल और दुर्घटना में शामिल वाहनों के फोटो-वीडियो लेकर स्केल से दुर्घटना स्थल पर ने शा बनाया जायेगा। दुर्घटनाग्रस्त वाहन एवं चालक संबंधी जानकारी के साथ ही वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेजों का 48 घंटे में फर्स्ट ऐ सीडेंट रिपोर्ट (एफएआर) तैयार कर संबंधित ट्रिब्यूनल एवं संबंधित बीमा कंपनी को ई-मेल से भेजी जायेगी। इसी रिपोर्ट के अनुरूप 50 दिन की अवधि में इंटरिम ऐ सीडेंट रिपोर्ट (आईएआर) और 90 दिन में डिटेल ऐ सीडेंट रिपोर्ट (डीएआर) जिले के एमएसी ट्रिब्यूनल एवं संबंधित बीमा कंपनी को ई-मेल से उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे कि प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराया जा सके।

बैठक में सहायक पुलिस महा निदेशक श्री मनोज कुमार राय ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और मंशानुरूप सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवारों को जल्द बीमा राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाना है। बैठक में बीमा कंपनियों को सड़क दुर्घटना दावा प्रकरणों में तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिये गये।

बैठक में परिवहन विभाग के नोडल अधिकारी श्री प्रमोद कापसे, इ को टो यो के जनरल मेनेजर श्री पंकज कुमार धीमन सहित प्रदेश में कार्य कर रही 17 बीमा कंपनियों के 40 अधिकारी उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय अतिथि भवन किसानों के लिये बहुत उपयोगी -कृषि मंत्री पटेल

**भोपाल में अतिथि भवन का किया लोकार्पण**

भोपाल। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बुधवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान के पं. दीनदयाल उपाध्याय अतिथि भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन किसानों के लिये बहुत उपयोगी रहेगा। साथ ही यह प्रशिक्षणार्थियों के लिये भी उपयोगी होगा। उन्होंने बताया कि अतिथि भवन सह छात्रावास का निर्माण 7 करोड़ 27 लाख रूपये की लागत से मार्कफेड द्वारा किया गया है।

## 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर किया जाएगा स मानित

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अ टूबर को**

भोपाल। आगामी 1 अे टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस है। मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने बताया कि इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को स मानित किया जाएगा। जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेवल ऑफिसर अपने अपने क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर ही स मानित करेंगे। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि एक अे टूबर को आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल के लघु सभागार में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का स मान समारोह आयोजित किया गया है। इसमें भोपाल शहर के 80 वर्ष से अधिक उम्र के स्थानीय मतदाताओं को ससमान आमंत्रित कर उनका अभिनंदन किया जाएगा।

**80 से 100 साल के बीच प्रदेश में 6 लाख 52 हजार 746 मतदाता हैं**

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 52 जिलों में 80 वर्ष से अधिक आयु के 6 लाख 52 हजार 746 मतदाता हैं। इसमें 2 लाख 61 हजार 58 पुरुष मतदाता एवं 3 लाख 91 हजार 680 महिला मतदाता है। प्रदेश के रीवा जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के सर्वाधिक 35 हजार 52 मतदाता हैं। इसके बाद इंदौर जिले में इस आयु वर्ग के 31 हजार 512 मतदाता है। प्रदेश के श्योपुर जिले में 80 वर्ष से अधिक आयु के सबसे कम 2 हजार 504 मतदाता हैं।

**100 या इससे अधिक उम्र के प्रदेश में 5 हजार 253 मतदाता है**

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि प्रदेश के 52 जिलों में 100 वर्ष या इससे भी अधिक आयु के कुल 5 हजार 253 मतदाता है। इसमें 1 हजार 492 पुरुष मतदाता एवं 3 हजार 761 महिला मतदाता हैं। प्रदेश के सीहोर जिले में 100 वर्ष से अधिक आयु के 318 मतदाता हैं। दूसरे स्थान पर उज्जैन जिला है जिसमें इस आयु वर्ग के 316 मतदाता है। इस आयु वर्ग के सबसे कम 13 मतदाता श्योपुर जिले में है।

उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के आयोजन के लिए प्रदेश के सभी कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। स मान समारोह उन गांवों में आयोजित होगा, जहां 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता निवासरत हैं। कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन अथवा शाला भवन में होगा। कार्यक्रम में उन्हीं मतदाताओं को आमंत्रित किया जाएगा, जो स्वस्थ हो और कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम हो। जो वरिष्ठ मतदाता कार्यक्रम में उपस्थित होने में असमर्थ होंगे, उन्हें उनके घर पर ही स मानित किया जाएगा। वरिष्ठ मतदाताओं को स मान समारोह में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्यगत या आवागमन की कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। वरिष्ठ मतदाताओं की स मान समिति में बीएलओ, ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं रोजगार सचिव शामिल रहेंगे। इस दिन दोपहर 12 बजे से वरिष्ठ मतदाताओं को पुष्पहार आदि से स मानित किया जाएगा। जिले के किसी एक कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी शामिल होंगे। पंचायत मु यालय स्तर पर यदि एक से अधिक मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता रहते हैं, तो एक ही स्थान पर कार्यक्रम किया जाएगा। स मान समारोह के बाद स्वीप की गतिविधियों जैसे निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया जाएगा।

विगत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मु य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रदेश में शतायु मतदाताओं को स मानित करने का अभिनव नवाचार किया गया था। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मु य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त श्री अनूपचंद्र पांडेय ऑनलाइन शामिल हुए थे और प्रदेश में हुए कार्यक्रम की सराहना की थी। कार्यक्रम के दौरान विगत वर्ष 4168 शतायु मतदाताओं को स मानित किया गया था।

## मध्यप्रदेश के दो ग्रामों को मिला सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार



भोपाल । मध्यप्रदेश के दो ग्रामों - मंडला और खोखरा को पर्यटन के माध्यम से ग्रामीणों की सांस्कृतिक विरासत और सतत विकास को बढ़ावा देने और संरक्षण के लिए %सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटन ग्राम पुरस्कार% से स मानित किया गया। पन्ना जिले के ग्राम मंडला को स्वर्ण पदक और सीधी जिले के ग्राम खोखरा को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा विश्व पर्यटन दिवस 2023 के अवसर पर आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम में ये पुरस्कार पर्यटन सचिव श्रीमती वी विद्यावती ने प्रदान किए।

परियोजना सहायता संगठन के संयोजको श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मंडला ग्राम का पुरस्कार और श्री सार्थक त्यागी ने खोखरा ग्राम का पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक श्री विवेक श्रोत्रिय और संचालक कौशल श्री मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित थे। देशभर से प्राप्त 750 नामांकनों में से 5 ग्रामों को स्वर्ण, 10 ग्रामों को रजत और 20 ग्रामों को कांस्य श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

# साइबर क्राइम से संबंधित अपराधों व उनसे बचने के बारे विद्यार्थियों को सावधानी की समझाईश दी



सिवनी यशोः- सिवनी थाना कोतवाली ने शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय मे साइबर सि योरिटी, लैंगिक अपराध और बच्चों के विरूद्ध हिंसा पर विशेष वृहद विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें साइबर से संबंधी होने वाले अपराधों व उनसे सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी गई।

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी व साइबर सेल प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल की ओर से फेस बुक, वॉट्सऐप, इंस्ट्राग्राम व अन्य मोबाइल पर संचालित किए जाने वाले ऐप व उन पर प्रसारित किए जाने वाले फेक विज्ञापन वीडियो व ऑडियो के संबंध में सर्तकता बरतने और उसके दुष्प्रभावों की जानकारी उत्कृष्ठ विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दी गई।

विद्यार्थियों को अपने साथी परिवार व अपने रिश्तेदारों को भी इस संबंध मे जागरूक करने की समझाईश दी गई। कोतवाली पुलिस ने छात्राओं से कहा कि यदि उन्हें किसी मनचले की ओर से यदि परेशान किया जाता है, तो इसकी जानकारी पुलिस व परिजनों को दें।

# बाघ के अवशेषों के साथ चार तीन आरोपी दबोचे गये

### 4 दांत और हड्डियाँ सहित आरोपी धराये



सिवनी यशोः- वन अच्छादित जिले में वन्य प्राणियों के अवशेषों की तस्कारी का कारोबार लगातार चल रहा है विभागीय अमले द्वारा पैनी नजर रखकर और मुखबिरों का जाल फैलाकर कार्यवाही भी की जा रही है परंतु तस्करी उसके बाद भी नहीं रूक रही है । वन विभाग के अमले को एक और मामले को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है ।

जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र रूखड कुरई सामान्य के बीट जामरापानी कक्ष क्रमांक आर.एफ. 299 ग्राम मोहगांव में पेंच नेशनल पार्क एवं दक्षिण सामान्य वनमंडल की विभागीय टीम ने बाघ के 04 नग दांत , 25 नग हडडी सहित चार आरोपितों को गिर तार किया है, जिनसे विभागीय टीम पूछताछ कर रही है।

दक्षिण सामान्य वनमंडल के वनमंडलाधिकारी सुदेश महिवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को पेंच टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र अधिकारी रूखड (बफर), परिक्षेत्र अधिकारी अरी (बफर) एवं दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र अधिकारी कुरई (सामान्य) की सयुक्त टीम ने ग्राम मोहगांव में दबिश दी जहां पर संयुक्त वन अमले द्वारा प्रदीप(30) पुत्र इतरलाल मसराम निवासी ग्राम जामरापानी को मोहगांव के पास धर दबोचा गया। जिसके पास से 04 नग बाघ के दांत (केनाइन) जब्त किए गए।

वनमंडलाधिकारी ने बताया कि आरोपित के बयान के आधार पर तीन आरोपितों क्रमशः इतरलाल (56) पुत्र बाबूलाल मसराम , चिंतामन (50) पुत्र सुखराम कोकेडे एवं दीपसिंह (43) पुत्र नंदलाल तेकाम सभी निवासी ग्राम जामरापानी को पूछताछ के लिए घटना स्थल बीट जामरापानी कक्ष क्रमांक आर.एफ. 299 में लाया गया। जिनसे पूछताछ जारी है।

आरोपितों की निशानदेही पर घर एवं जंगल से बाघ की 25 नग हड्डी जब्त की गई है। प्रकरण में कुछ अन्य आरोपियों के नाम सामने आने की भी उमीद जताई जा रही है। जिन्हें गुरूवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# 30 सितबंर को होंगे अनेक शिक्षक सेवानिवृत्त

सिवनी यशोः-पुण्य भूमि भारत में शिक्षक डॉ. राधाकृष्णन जी को राष्ट्रपति पद पर प्रतिष्ठित किया, और राष्ट्रपति डॉ. कलाम साहब ने सेवा निवृत्ति के बाद शिक्षक बनने का संकल्प ले निभाया तथा शिवाजी राजे ने गुरुभक्ति में सहर्ष अपना राज्य गुरुचरणों में अर्जित किया। शिक्षक (गुरु) स मानों के गौरवशाली आदर्शों को पुष्पित-पल्लवित करने वाली भारतीय संस्कृति की भूमि पर शिक्षकीय कार्य को जीविका का साधन बनाने वाले सरस्वती जी के उपासक राष्ट्र निर्माता कर्मयोग शिक्षक जो दिनांक 30 सितबंर 2023 को सिवनी जिले के शालेय शिक्षा एवं जनजाति विभाग की शालाओं से सेवा निवृत्त हो शिक्षक वृंद श्रीमति रुकसाना बानो(उर्दू सिवनी) महेश कुमार सोनी (सिवनी) श्रीमति अंजली शरण मैंकेन्जी, प्राचार्य (गोपालगंज) 4. श्री रामेश्वर प्रसाद धुर्वे (बोरीकला) 5. सुश्री गीता नाग (केवलारी) बसोड़ी लाल भलावी (रैयतवाड़ी, अरी) तामसिंह पटले (पौनिया, बरघाट) इन्द्रभानसिंह सैयाम (जामुनटोला, खामी) संतराम शर्मा (कोकीवाड़ा, सिवनी) श्रीमति मीरा यादव (पायली, छपारा) रविप्रकाश चौधरी (भिलाई, घंसौर) को सेवानिवृत्ति के पुनीत पर्व पर हार्दिक प्रसन्नता से सस मान अभिनंदन करते हुये जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी, जिला सिवनी उनके सुखी समृद्वशाली एवं यशस्वी दीर्घ जीवन की कामना करती है।


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com

दैनिक यशोन्नति न्यूज़


# सरकार केवल घोषणा कर रही है उन अमल नहीं हो रहा - कांग्रेस

सिवनी यशोः- चुनाव करीब आता देख मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान घोषणाओं पर घोषणाएँ कर रहें है उन घोषणाओं पर अमल कितना हो रहा है इस ओर उनका ध्यान नहीं है। कमलनाथ के चुनाव पूर्व दिये वचन 1500 रू. प्रतिमाह नारी स मान योजना के अंतर्गत 18 वर्ष के उपर की महिलाओं को एवं 500 रू. रसोई गैस सिलेंडर से घबराकर लाड़ली बहना योजना आदर्श आचार संहिता लगने के कुछ दिन पूर्व लाड़ली बहना आवास जो की सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रो के लिए है एवं 450 रू. में गैस सिलेंडर देने की बात कर रहें है शिवराज सिंह चैहान 400 का सिलेंडर 9 वर्षो तक 1000 रू. से अधिक पर पूरे प्रदेश की जनता को बेचने वाले चुनाव के समय प्रदेश की कुछ महिलाओं को कम दाम पर गैस सिलेंडर देकर, पुनः प्रदेश की सत्ता में काबिज होने सपना देख रहें है। इन योजनाओं का लाभ प्रदेश की कुछ ही बहनों को प्राप्त हो पायेंगा, जिसके लिए बहनों को नगरपालिका, पंचायत, गैस एजेंसी, बैंको में अनेको चक्कर लगाना पड़ रहा है, अधिकारी, कर्मचारी सही जानकारी नही दे पा रहें है हमेशा सर्वरडाउन की शिकायत आ रही है।

लाड़ली बहनों के पंजीयन के समय आधार, समग्र आईडी, बैंक खाता, मोबाइल न बर पूरा डेटा ले लिया गया है, के वॉय सी भी करा ली गई थी। पूरी जानकारी ऑनलाईन होने के बाद भी फिर `यों बार-बार योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाड़ली बहनों को परेशान किया जा रहा है सभी जानते है कि शिवराज सरकार में प्रदेश का खजाना भ्रष्टाचार के चलते खाली हो गया है प्रति दिन शिवराजसिंह चैहान द्वारा हजारों करोड़ रूपय का कर्ज लेकर सरकार चलायी जा रहीं है प्रदेश में आर्थिक तंगी के चलते अनेक जनहित एवं विकास कार्य की योजनाओं को बंद कर दिया गया है, मंहगाई से प्रदेश की जनता त्रास्त है शिवराजसिंह द्वारा 5 लोगो को शासकीय योजना का लाभ का प्रलोभन देकर 95 लोगो का जेब काटने वाली शिवराज सरकार ने प्रदेश को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। यही कारण है कि अब प्रदेश की जनता शिवराज सिंह चैहान और भाजपा के कोई भी झाँसे में नहीं आने वाली है।

# एस डी ओ पी के ड्रायवर से अवैध रेत का उत्खन्न और परिवहन करने वालों ने की मारपीट




बरघाट यशोः-सिवनी जिले में इन दिनों रेत उत्खनन में रोक लगी हुई है। बावजूद इसके बरघाट थाना क्षेत्र की कुछ रेत खदानों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिस पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। लेकिन ये रेत माफिया मारपीट करने से भी नहीं चूक रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि के समय बरघाट एसडीओपी के ड्राइवर देवीसिंह बरकड़े ने देखा कि मूंडापार के पास से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। तो उसने रेत परिवहन करने वाले लोगों को रोकने का प्रयास किया। तब रेत माफियाओं ने देवीसिंह बरकड़े के ऊपर हमला करते हुए मारपीट कर दिया।

जिसकी जानकारी बरघाट एसडीओपी और बरघाट पुलिस को लगी तो वह मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि जिन लोगों ने मारपीट किया उन्होंने मौके पर ही रेत खाली किया और वहां से फरार हो गये। इस मामले में पुलिस के सामने दो नाम आये जिनमें से एक अमित चौहान तो दूसरा रंजीत साहू है।

एसडीओपी के ड्राइवर के ऊपर हमला करने वाले लोगो की सं या दो से अधिक थी। जो मौके से फरार हो गए। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस ने धारा 353,294,506,147 सहित एससीएसटी ऐ ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

घटना के बाद से आरोपी फरार बताये जा रहे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। इस मामले में बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि 2 लोगो के उपर नामजत एफआईआर दर्ज की गई है। कुछ और भी लोग इस घटना में शामिल हैं। फिलहाल जांच की जा रही है।

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ऐरमा (कुरई) के शिक्षक अनिल राजपूत ने किया जिले का नाम रोशन

## दैनिक विनय उजाला राज्य स्तरीय स मान समारोह में हुए स मानित




सिवनी यशोः- बीते दिवस दिनांक 27 सितंबर 2023 दिन बुधवार को समारोह स्थल जाल सभागृह साउथ तुकोगंज इंदौर में प्रदेश के कोने कोने विविध क्षेत्रों से पधारे अपने कार्यों से, समाज, संस्था, परिवेश, समुदाय को जागृत व प्रेरित किया ऐसे स माननीय सदस्यों जिनमे आईएएस, आईपीएस, डिप्टी कमिश्नर, सहायक डिप्टी कमिश्नर,लेखक/साहित्यकार, क्रीडा, पत्रकार, प्राचार्य,शिक्षक ,पर्यावरण मित्र, समाज सेवी आदि को दैनिक विनय उजाला राज्य स्तरीय स मान समारोह 2023 के मंच तले मु य अतिथि डॉ.नरोत्तम मिश्रा जी (गृह मंत्री, म.प्र.शासन), श्री पुष्य मित्र भार्गव जी महापौर,नगर निगम इंदौर की अध्यक्षता सहित अन्य वरिष्ठ महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति मे जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र शासकीय हाईस्कूल ऐरमा विकासखंड कुरई में कार्यरत भैरोगंज निवासी शिक्षक अनिल राजपूत का शिक्षा के क्षेत्र मे नये नये आयाम, नवाचार,सृजनशीलता रचनात्मक कार्य के प्रति उत्सुकता हेतु इनको शाल,श्रीफल, पुष्प माला, प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिह्न से स मानित किया दैनिक विनय उजाला परिवार के साथ साथ सिवनी जिले की जनता श्री राजपूत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने जिले का नाम समूचे मध्यप्रदेश में रोशन किया है।

# आयुष्मान भव स्वास्थ्य शिविर बीजाडाडी में आयोजित

मण्डला यशोः- आजादी के अमृत महोत्सव आयुष्मान भव स्वास्थ्य शिविर सामुदायिक केन्द्र बीजाडांडी में आयोजित हुआ। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, संस्थाओं में लगाए गए शिविर से रेफर किए गए मरीज को मेडिकल कॉलेज जबलपुर से आए विषय विशेषज्ञ टीम के द्वारा 27 सित बर को सामुदायिक केन्द्र बीजाडांडी में 595 मरीज की जांच कर दवाईयाँ दी गई। शिविर में 29 ईएनटी, 191 गायनिक, 56 डेंटल, 61 पीडियाटि स, 42 आर्थो, 154 मेडिशन, 18 जनरल सर्जरी तथा 44 अंधत्व केसों की जांच की गई।

# शहीद भगत सिंह की जयंती मनायी कांग्रेस ने

सिवनी यशोः- भारत के महान् क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद भगत सिंह भारत देश की महानविभूति है, मात्र 23 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने देश के लिए प्राण-न्यौछावर कर दिया। भारत की आजादी की लड़ाई के समय भगतसिंह नौजवानों के लिए प्रेरणास्त्रोत थे वे उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने अपने आस-पास भारतीयों पर अंग्रेजो द्वारा किये जा रहें अत्याचार को देखा उनका सोचना था कि देश के नौजवान ही देश की काया पलट सकते है। भगत सिंह ने हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की सदस्यता ली जिसे चन्द्रशेखर आजाद ने बनाया था। साईमन कमीशन का विरोध किया उनके साथ लाला लाजपत राय भी थे ''साइमन'' वापस जाओं का नारा लगाकर, लाहौर रेल्वे स्टेशन में ही खड़े रहें, जिसके बाद वहां लाठी चार्ज कर दिया गया, भगतसिंह ने अपने साथी बटुकेश्वरदत्त के साथ मिलकर ब्रिटिश सरकार की असे बली हाल में बमब्लास्ट किया इसके बाद दोनो को गिरफतार कर लिया गया, भगतसिंह को फासी की सजा दे दी गई। क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में मनाई गयी। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने अमर शहीद भगत सिंह जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पीत की।

जयंती कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, विष्णु करोसिया, गेंदलाल भलावी, विनोद यादव, राजेश मानाठाकुर, मोहनसिंह ठाकुर, डालचंद बर्वे, कैलाश अवधिया, ध्रुवनारायण चैधरी, श्रीमति ललिता बघेल, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, नन्दू यादव, जिब्राईल अंसारी, रामकिशोर बघेल, सतेन्द्र बघेल, सुजीत गोदरे, नितिन बघेले उपस्थित रहें।

# 30 सित बर को मनेगा वीरागंना मानवती बाई का बलिदान दिवस



बालाघाट - झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रिय सहेली एवं उनकी सेनानायक वीरागंना मानवती बाई का बलिदान दिवस प्रतिवर्ष की तरह 30 सित बर को बालाघाट में हैहयवंशीय ताम्रकार-कसार-कसेरा समाज द्वारा समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। यह कार्यक्रम बालाघाट में सहस्त्रबाहु चौक के पास मोतीनगर बालाघाट में 4 बजे आयोजित किया जायेगा। महारानी लक्ष्मी बाई ने हैहयवंशीय वीरांगना मानवती बाई को अपनी सेना में उनके पति खुमानसिंह की युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के बाद शामिल किया। उनके युद्ध कौशल को देखते हुए उन्हें झांसी के सेना में सेनानायक बनाया गया। 1956 में झांसी पर मुगलों ने जब आक्रमण किया गया। बताते है कि झांसी के सेना में बहुत तोप थी जिसमें से 'भवानीशंकर' नामक प्रमुख तोप जो नरबली चढ़ाने के बाद चालू की जाती थी तब हैहयवंशीय वीरागंना मानवती ने अपने 16 वर्षीय पुत्र की बली महारानी लक्ष्मीबाई के मना करने बाद भी देश के हित में चढ़ाकर युद्ध प्रारंभ करवाया। आक्रमणकारियों से लड़ते हुये झांसी की रक्षा के लिए वीरागंना मानवती वीरगति को प्राप्त हुई। इन तीनों कुटुंब बलिदानियों समाधी झांसी के किले प्रागंण में बनाई गई थी जो आज भी स्थापित है। इस प्रकार के बलिदान इतिहास में बहुत ही कम देखने को मिलते है। प्रतिवर्ष 30 सित बर को उनकी स्मृति, बलिदान के मनाया जाता है।

# सागर नदी हत्याकांड का आरोपी हुआ दोषमुक्त

कान्हीवाडा यशोः- - 04 वर्ष पूर्व कान्हीवाड़ा और ब हनी ग्रामों के मध्य स्थित सागर नदी में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड के कथित आरोपी को जिला न्यायालय ने हत्या के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है।

अभियोजन कथानक के अनुसार आरोपी अखिलेश उर्फ अकलेश इनवाती निवासी ब हनी ने अपनी प्रेमिका को गला घोटकर मार डाला और साक्ष्य छुपाने के आशय से मृतिका की लाश को उसी के दुपट्टे से पत्थर में बांधकर सागर नदी में फेंक दिया ।

घटना के पांच दिन बाद मृतिका का शव सागर नदी में तैरता हुआ मिलने पर उसकी सूचना पुलिस थाना कान्हीवाड़ा को ग्राम कोटवार द्वारा दी गई। कान्हीवाड़ा पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध दिनांक 30/06/19 को अपराध क्रमांक 178/2019 के तहत भा.द.वि. की धारा 302,201के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई तथा आरोपी की शिना त कर उसे गिर तार किया गया। न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर के विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से एक दर्जन साक्षियों के बयान न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। बचाव पक्ष/आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आमिर ख़ान एवं सहयोगी अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष प्रस्तुत कर आरोपी के निर्दोष होने तथा कथित अपराध में उसके संलिप्त ना होने की बात व्यक्त की गई। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को अपर्याप्त मानते हुए तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वार प्रस्तुत तथ्यों से सहमत होते हुए विद्वान चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा अभियुक्त अखिलेश उर्फ़ अकलेश इनवाती निवासी - ग्राम ब हनी, थाना कान्हीवाडा, तहसील व जिला सिवनी को हत्या एवं साक्ष्य छुपाने के आरोप धारा 302, 201 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप से दोषमुक्त घोषित कर दिया गया।

# एशियन गे स में मप्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, देश को दिलाए नौ पदक

**शूटर्स ने साधा पाँच पदकों पर निशाना**

भोपाल । चीन के हांग्झू में खेली जा रही 19वीं एशियाई खेलों में मप्र के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार को शूटिंग में मप्र के निशानेबाजों ने दो पदकों पर निशाना साधा है। इसी के साथ मप्र के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित नौ पदक जीते हैं। मप्र का यह एशियन गे स में अब तक का सर्वश्रे?ठ प्रदर्शन है।

इस बार मप्र ने छह दिनों में ही अपने पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। इसी तरह का प्रदर्शन रहा तो हम इस बार 15 पदक के करीब पहुँच सकते है। अब तक मप्र अकादमी के निशानेबाजों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। शूटिंग में मप्र ने एक स्?वर्ण, दो रजत व दो कांस्?य सहित कुल पाँच पदक जीते है, इसमें कुछ इवेंट बाकी है, जिसमें हमे पदक की उमीद है।

छोटी उम्र में बडे बडे कीर्तिमान रच रहे एश्वर्य प्रताप सिंह ने 10 मीटर राइफल टीम इवेंट में महाराष्ट्र के रूद्राक्ष पाटिल और राजस्थान के दिव्यांश के साथ मिलकर देश को स्वर्ण पदक दिलाया। एश्वर्य ने इसी इवेंट के व्ये तिगत मुकाबले में भी जोरदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की सं या दो की। 10 मीटर राइफल महिला टीम इवेंट में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की अशी चौकसे ने हरियाणा की रमनीता जिंदल व वेस्ट बंगाल की मेहुली के साथ रजत पदक जीता। बुधवार सुबह मप्र की अशी चौकसे ने 50 मीटर थ्री पोजीशन व्ये तिगत इवेंट में कांस्य पदक जीता। शूटिंग में ही एक रजत पदक 50 मीटर थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग में एसके शर्मा और एम कौशकि की जोड़ी ने रजत पदक जीता है।

महिला क्रिकेट में भारत ने स्वर्ण पदक जीता। भारत की इस स्वर्णिम सफलता में मप्र की पूजा वस्त्राकार ने विशेष भूमिका निभाई।

सेलिंग में मध्यप्रदेश वाटर स्पोटर्स अकादमी की नेहा ठाकुर ने सभी को चौंकाते हुए रजत पदक जीता। नेहा ने यह सफलता महिलाओं की आइएलसी-4 इवेंट में हासिल की है। वहीं जूडो में तुलिका मान ने 78 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। घुडसवारी में मप्र की सुदप्ति हजेला ने टीम ड्रेसाज इवेंट में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। यह मप्र ही नहीं भारत के लिए गौरव की बात है। 41 साल के बाद भारत पहली बार इस खेल में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा है। सुदिप्ति ने इसके लिए पेरिस में तैयारी की है।

**जकार्ता एशियन गे स में जीते थे पांच पदक**

जकार्ता एशियन गे स 2018 में मप्र के खिलाड़ियों ने पांच पदक जीतकर धूम मचाई थी, इसमें दो रजत व तीन कांस्?य सहित कुल पाँच पदक जीते थे। यह सभी मध्यप्रदेश राज्य अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते थे। इसमें व्ये तगित इवेंट में मुस्कान किरार ने तीरंदाजी में रजत तथा हर्षिता तोमर ने सेलिंग में कांस्य पदक जीता था। वहीं टीम इवेंट में हॉकी भारतीय पुरूष और महिला टीम ने कांस्य पदक जीते थे। मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के पुरूष टीम में विवेक सागर, महिला टीम में मोनिका मलिक और रीना खोखर शामि?ल थे।

# सिकल सेल रोग में हो योपैथी दवाई कारगर

## शासकीय हो योपैथी चिकित्सालय और महाविद्यालय कर रहे हैं शोध

भोपाल । प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में पाये जाने वाले सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय हो योपैथी चिकित्सालय और महाविद्यालय शोध कार्य कर रहे हैं। इन जनजाति समूह में रोग से बचाव के लिये हो योपैथी दवाई कारगर साबित हो रही है।

भोपाल के शासकीय हो योपैथी अस्पताल ने जनजातीय क्षेत्रों में बैगा और भारिया समुदाय में शोध कार्य किया है। प्रदेश के 4 डिंडोरी, मंडला, छिन्दवाड़ा और शहडोल जिलों में इन समुदाय के 23 हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के बाद पॉजिटिव पाये गये चिन्हित मरीजों को हो योपैथी दवाई दी गई। दवाई का यह प्रभाव रहा कि वे अब कम बीमार पड़ते हैं। जिन रोगियों को शरीर में दर्द और खून की कमी की शिकायत थी, वे अब अच्छा महसूस कर रहे हैं। अभी तक 8 हजार से अधिक रोगियों को हो योपैथी दवाई दी जा चुकी है। जिन मरीजों में ब्लड ट्रांस यूजन बार-बार होता था, उनमें भी कमी आई है।

हो योपैथी अस्पताल द्वारा सिकल सेल में शोध कार्य किया जा रहा है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन, ए स भोपाल, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच जबलपुर लगातार सहयोग कर रहे हैं। अनुसंधान और रोगियों के इलाज के अलावा शासकीय हो योपैथी अस्पताल द्वारा चिन्हित किये गये मरीजों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है।

**नये यंत्र का अविष्कार**

जनजातीय क्षेत्रों में किये जा रहे अनुसंधान और दी जाने वाली हो योपैथी दवाई की गुणवत्ता का आकलन करने के लिये एक नये यंत्र की खोज भी की गई है। इस यंत्र के माध्यम से हो योपैथी दवा की गुणवत्ता प्रमाणित हो सकेगी। इसके लिये केन्द्र सरकार के सीएसआईआर के साथ एमओयू भी किया गया है। सिकल सेल से पीड़ित मरीज में शरीर के जोड़ों में तेज दर्द, हाथ और पाँव में सूजन, साँस लेने में तकलीफ, सीने में अत्यधिक दर्द, निमोनिया की शिकायत, लीवर की सूजन तथा स्ट्रोक जैसे जटिल लक्षण देखे जाते हैं। रोगियों को सिकल सेल रोग से बचाव के लिये हो योपैथी चिकित्सकों द्वारा समझाइश भी दी जा रही है।

# मनमोहक स्वीप गतिविधियों के साथ हुआ आजीविका मेले का समापन



मंडला यशोः- स्थानीय शर्मा क पाउंड में आयोजित 3 दिवसीय आजीविका मेला का आकर्षक स्वीप गतिविधियों के आयोजन के साथ बुधवार को समापन हुआ। मेले के समापन अवसर पर उपस्थित कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने का यह बेहतर प्रयास है। इस तरह के क्रम को गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आगामी महिनों में इस तरह के आयोजन पुनः किए जाएंगे। रेशम एवं हेंडलूम के आकर्षक वस्त्र तथा जूट और पेपरमैसी के उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए जिससे इस तरह की आजीविका गतिविधियों में जुड़ी स्वसहायता समूह की दीदियों की आजीविका संवहनीय हो सके। इस मेले में जिले के विभिन्न अंचलों से महिला स्वसहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने आजीविका मिशन जिला इकाई को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्वसहायता समूहों की बहनों के उत्पाद को बेहतर बाजार मिल सके इसके लगातार प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

आजीविका मेले के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। बुधवार की शाम मेले में स्वीप तंबोला के अंतर्गत मतदाता परिचय पत्र आधारित क्विज, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी तथा कुर्सी दौड़ आयोजित की गई। मेले में खरीदारी हेतु आए जनसामान्य ने इन खेलों में हिस्सा लिया तथा विभिन्न प्रकार के पुरूस्कार प्राप्त किए। इस दौरान खेल प्रतिभागियों को खरीदारी में छूट के लिए कूपन भी प्रदाय किए गए।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण - डॉ. सिडाना

## पेड न्यूज को लेकर प्रिंट, इले ट्रॉनिक और सोशलमीडिया में निगरानी रखी जाएगी

**मीडिया सेल की बैठक संपन्न**



मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में मीडिया सेल की बैठक को संबोधित करते हुए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने आव्हान किया कि सभी निर्वाचन संबंधी कव्हरेज के दौरान सभी मीडियाजन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का ध्यान रखें। बैठक में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी तथा मीडिया से जुड़े विषयों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला योजना भवन में संपन्न हुई बैठक सह प्रशिक्षण में पर एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा, मास्टर ट्रेनर डीपी मिश्रा, श्रीकांत श्रीवास्तव एवं डीके रोहितास तथा प्रिंट, इले ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एमसीएमसी का गठन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जो आयोग के निर्देशानुसार विज्ञापनों तथा समाचारों की मॉनिटरिंग करेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान प्रिंट मीडिया, इले ट्रॉनिक मीडिया और सोशलमीडिया में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पेड न्यूज प्राप्त होने पर व्यय राशि अ यर्थी के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाएगा। कले टर ने मीडियाकर्मियों से भ्रामक एवं असत्य खबरों से बचने का आव्हान किया। उन्होंने इले ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया के लिए विज्ञापन प्रकाशन के लिए अनुमति के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। कले टर ने कहा कि कोई भी मीडिया संस्थान ऐसे विज्ञापन का प्रसारण या प्रकाशन नहीं करेगा जो विधि के अनुरूप न हो एवं जो नैतिकता भावना, मर्यादा या विचारों को ठेस पहुंचाता हो।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि जिला स्तरीय एमसीएमसी के द्वारा प्रतिदिन प्रिंट मीडिया, इले ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच की जाएगी। एमसीएमसी द्वारा पेड न्यूज के मामलों में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अ यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। अ यर्थी द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर उक्त राशि अ यर्थी के चुनावी खर्चे में जोड़ दी जाएगी। डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि व्हाट्सऐप ग्रुप में होने वाले चुनावी प्रचार-प्रसार को भी अ यर्थी के खर्चों में जोड़ा जाएगा। अ यर्थी द्वारा जब यह बताया जाता है कि उनके द्वारा व्हाट्सऐप में इस प्रकार से प्रचार नहीं किया गया है तो मैसेज प्रसारित करने वाले व्यक्ति और व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# कच्ची जहरीली शराब का विक्रय करने वाली महिला को 06 माह का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

मण्डला यशोः- माननीय मु य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपिया अनीता पति राजकुमार भारतीया उम्र 36 वर्ष निवासी फूलवाड़ी थाना मंडला जिला मंडला को चारा 34 (1) आबकारी अधिनियम में 03 माह का सश्रम कारावास एवं धारा 49 (1) (क) आबकारी अधिनियम में 06 माह का सश्रम कारावास एवं कुल 5500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है कि थाना कोतवाली मंडला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक को दिनांक 21.10.2018 को टाउन गश्त के दौरान स्वामी सीताराम वार्ड मंडला में मुखबिर से सूचना मिला कि फूलवाड़ी में दुर्गा मंदिर के बाजू में एक महिला सतरंगी साड़ी पहने अपने हाथ में प्लास्टिक की जरीकेन (डिब्बा) लिये खड़ी है, जिसमें देशी हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब भरी है, तथा शराब बहुत ही हानिकारक है, एवं महिला आम लोगों को बेचने के लिए जा रही है। सूचना के संबंध में थाना प्रभारी महोदय को अवगत कराया तथा दिशा-निर्देश प्राप्त कर स्वामी सीताराम वार्ड मंडला में मौजूद पंचान को तलब कर मुखबिर की सूचना से अवगत कराकर मुखबिर सूचना का पंचनामा बनाया तथा हमराह स्टाप एवं पंचान को लेकर तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताये हुलिये की एक महिला अपने हाथ में प्लास्टिक की सफेद जरीकेन लिये खड़ी थी जिससे उक्त पंचान के समक्ष नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अनीता भारतीया, पति राजकुमार भारतीया, उम्र 36 वर्ष निवासी फूलवाड़ी मंडला की रहने वाली बताई। उसके हाथ में रखे जरीकेन में तरल पदार्थ को डिब्बे का ढक्कन खुलवाकर तरल पदार्थ को ढक्कन में लेकर उसे एवं पंचानो द्वारा सूंघकर देखा तो उसमें महुएं की कच्ची शराब जैसी तीव्र दुर्गंध एवं सूंघने पर चक्कर आने लगा, जिससे उक्त शराब जहरीली एवं मानव स्वास्थ्य के लिए अति हानिकरक प्रतीत हुई। उक्त महिला से कच्ची जहरीली शराब के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह बड़ी खैरी में ग्राहकों को शराब बिक्री करती हैं। महिला से शराब कब्जे में रखने एवं लाने-ले जाने के संबंध में सूचना पत्र देकर लायसेंस परमिट अनुमति के संबंध में पूछताछ करने पर कोई लायसेंस नहीं होना बताया। थाना कोतवाली मंडला में अपराध पंजीबद्ध कर मामले में जप्त शराब को एफएसएल सागर से जांच कराई गई जांच में उक्त शराब मानव सेवन के लिए अनुपयुक्त पाई गई। विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुयें विचारण उपरांत माननीय मु य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपिया अनीता पति राजकुमार भारतीया उम्र 36 वर्ष निवासी फूलवाड़ी थाना मंडला जिला मंडला को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री रमेशचन्द मिश्रा के द्वारा पैरवी की गई है।

# ट्रक और बोलेरो की टक्कर: 3 महिलाओं सहित 4 की मौत

मंडला यशोः-मंडला से गुजरे नेशनल हाईवे 30 मंडला-रायपुर रोड पर बोलेरो और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इसमें तीन महिलाओं सहित चार की मौत हो गई। दो लोग गंभीर बताए जाते हैं। मामला बिछिया थाना क्षेत्र का है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बिछिया थाना पुलिस के मुताबिक देर रात बिछिया की ओर जा रही बोलेरे ग्राम बरखेड़ी के नजदीक लोहे का सरिया लेकर रायपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 3 महिलाओं सहित 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह सभी अस्पताल से घर लौट रहे थे बोलेरो में सवार थे।

मृतकों में लक्ष्मीबाई पति संजय यादव उम्र 38 साल, रानीबाई पति मुन्ना लाल यादव उम्र 58 साल, सुभद्रा बाई पति सनीलाल यादव उम्र 42 वर्ष ग्राम मालनवाड़ा थाना केवलारी जिला सिवनी एवं दुर्गेश पिता कन्हैयालाल उइके उम्र 32 साल निवासी ग्राम डुंगरा थाना बिछिया निवासी है।

घायलों में इंद्रेश पिता महेश उइके उम्र 32 वर्ष, इन्द्राबाई पति राकेश यादव उम्र 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम डूंगरा थाना बिछिया के रहने वाले हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

# पेंशनर्स एसोशिएशन के पदाधिकारी ने पटवारियों को दिया समर्थन





मंडला यशोः- विगत एक माह से पटवारी वर्ग हड़ताल में बैठा हुआ है अनेक संगठन पटवारियों की मांगो का समर्थन दे रहे है इसी तारत य में पेंशनर्स एसोशिएशन के पदाधिकारी एवं संयुक्त कर्मचारी मोर्चा व लिपिक संग ने उनकी मांग पर समर्थन दिए है। मप्र पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने बताया कि पटवारियो की मांगो का समर्थन जिले के अनेक संगठन दे रहे है।` योंकि पटवारियों के बिना सरकारी काम काज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और सामने चुनाव नजदीक है। वहीं राजस्व के काम प्रभावित होने से किसान हितग्राही सहित अन्य लोग परेशान हो रहे है। हमारी सरकार यही मांग है कि या तो पटवारी वर्ग को किसी प्रकार का अश्वासन दिया जाए या लिखित आदेश जारी किया जाए।

# जिले के 9128 जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ

सिवनी यशोः- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कठिन परिस्थितियों में निवासरत बच?चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रदाय किये जाने का प्रावधान है।

इसी परिपेक्ष्य में कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार विभाग द्वारा जिले के 9128 बच्चों को चिन्हित कर मिशन वात्सल्य योजना का लाभ प्रदाय किये जाने हेतु आयु ?त, महिला एवं बाल विकास मध?यप्रदेश भोपाल की ओर प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। 26 सितंबर 2023 को कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य अंतर्गत (Sponsorship and Foster Care Approval Committee (SFCAC) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलास्तरीय समिति द्वारा 9128 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत अनुमोदित किया गया है। स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ प्रदाय किये जाने बाबद ऐसे बच्चे स मिलित किये गये हैं, जिनकी माता विधवा या परिवार द्वारा परित्ये त हो, बच्चे अनाथ हो और विस्तारित परिवार के साथ रह रहें हो, माता-पिता जीवन के लिए खतरनाक/ अत्यन्त गंभीर बीमारी के शिकार हों, माता-पिता अक्षम या बच्चों की देखभाल करने में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से असमर्थ हों एवं जे.जे.अधिनियम 2015 के अनुसार देखभाल ओर संरक्षण के जरूरत मंद बच्चों चाईल्ड इन नीड ऑफ कॅयर एण्ड प्रोटे शन को स मिलित किया गया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी में शिविर का आयोजन

मंडला यशोः-मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 के.सी. सरोते ने जानकारी दी कि आयुष्मान भव के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, संस्थाओं में लगाए गए शिविर से रेफर किए गए मरीज को मेडिकल कॉलेज जबलपुर से आए हुए विषय विशेषज्ञय टीम के द्वारा 26 सित बर को सामुदायिक केन्द्र ब हनी में 612 मरीज की जांच कर दवाईयाँ दी गई। शिविर में 134 ईएनटी, 193 गायनिक, 88 डेंटल, 32 पीडियाटि स, 38 आर्थो, 27 मेडिशन, 13 जनरल सर्जरी तथा 87 अंधत्व केसों की जांच की गई।

# स्टेडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 के तारत य में जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक जिला योजना भवन में संपन्न हुई, जिसमें निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए दर निर्धारण तथा एजेंडानुसार निर्धारित बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा प्रदाय की गई रेट लिस्ट का अध्ययन करें। रेटलिस्ट के संबंध में दावा-आपत्ति 29 सितंबर तक लिखित रूप में निर्वाचन कार्यालय की व्यय लेखा शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में एडीएम एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कले टर लालसिंह जगेत, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# त्योहारों व पर्वों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने शहर में अधिकाधिक पुलिस बल के साथ किया लैग मार्च

मंडला यशोः- त्योहारों के मद्देनजर व जन सामान्य सुरक्षा की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा की ओर से अधिकाधिक पुलिस बल के साथ नगर में लैग मार्च किया गया। थाना कोतवाली में पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित बल को ब्रिफ किया गया। लैग मार्च कोतवाली थाने से शुरू होकर नगर के मु य मार्गो एवं भीड़ वाले व्यस्थतम मार्ग से गुजरा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने एवं शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने हेतु लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस अधिकारियों व पुलिस बल के साथ लोगों में सुरक्षा का विश्वास जगाने के लिए पैदल मार्च किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी माहों में लगातार त्योहार हैं, इसके चलते ऐसे पैदल मार्च चलते रहेंगे व पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।



फाईल फोटो

**पुलिस अधिकारी रहे उपस्थित**

पैदल मार्च का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने किया और इस दौरान एसडीओपी मंडला अर्चना अहीर, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, टीआई कोतवाली शफीक खान, यातायात निरीक्षक कमलनेत्र चौधरी, थाना प्रभारी अजाक आरती धुर्वे, सुबेदार एवं उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## न्यायालय तहसीलदार बरघाट, जिला सिवनी

रा.प्र.क्र./2268/अ-06/2023-24

-:: ईश्तहार::-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक लक्ष्मीकांत कुमरे पिता झनकलाल कुमरे जाति परधान निवासी ग्राम जावरकाठी तहसील बरघाट जिला सिवनी के द्वारा ग्राम जावरकाठी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. व तहसील बरघाट स्थित भूमि खसरा नं. 348/13, 348/17, 639/5 रकबा क्रमशः 0.01, 0.15, 0.08, 0.36 हे. कुल रकबा 0.60 हे. भूमि पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश करने रा.प्र.क्र./2268/अ-6/2023-24 प्रचलित है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालयीन कार्यदिवस में दिनांक 04/10/2023 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त समयावधि उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्तियां स्वीकार नही की जावेगी।

आज दिनांक 20/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बरघाट जिला सिवनी**

# जबलपुर से नारायणगंज तक कुलस्ते का हुआ जगह-जगह स्वागत

## विधानसभा प्रत्याशी की घोषणा के बाद कुलस्ते का विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन

**बीजाडांडी में कार्यकर्ताओं ने निकाली स्वागत रैली।**

मंडला यशोः- भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निवास विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा प्रत्याशी की घोषणा के बाद केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते का पहली बार निवास विधानसभा क्षेत्र के बीजाडांडी नारायणगंज मंडल में आगमन हुआ ,श्री कुलस्ते ग्राम उदयपुर स्थित राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर सबसे पहले माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया, बीजाडांडी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते के स्वागत में वाहन रैली निकाल कर जगह-जगह उनका स्वागत किया। जबलपुर से नारायणगंज तक के ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर श्री कुलस्ते का कार्यकर्ताओं स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया एवं आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के लिए उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए बधाइयां दी।





**बीजाडांडी नारायणगंज मंडल में विधानसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन**

मंडला सांसद केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते की गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उमंग ओर उत्साह के साथ नारायणगंज एवं बीजाडांडी मंडल में विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में किया इस अवसर पर श्री कुलस्ते ने निवास विधानसभा क्षेत्र में उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा की कार्यकर्ताओं की मेहनत परिश्रम और उनके समर्पण से निवास विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। देश ओर प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के कल्याण और उनके विकास के लिए कार्य किए हैं इसलिए जनता का विश्वास और जनआशीर्वाद भाजपा को विधानसभा चुनाव में मिलेगा। कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा की कार्यकर्ताओं का लक्ष्य मंडला जिले की तीनों विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाने का है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने निरंतर गरीब कल्याण और जन सेवा के कार्य किए हैं क्षेत्र के विकास में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार काम कर रही है इसलिए कार्यकर्ता आम जनता के पास घर-घर तक जाएं और हमारी संगठन संरचना के अनुसार आज से ही सभी स्तर के कार्यकर्ता चुनाव कार्य में जुट जाएं। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक श्री रतन ठाकुर कृष्ण कुमार चौकसे संदीप सिंह मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा मोर्चे के अध्यक्ष जाकिर खान सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मंडल व जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297